राज बने यूजीसी एक्सपर्ट कमेटी के सदस्य

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम : विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत शार्ट टर्म स्किल डेवलपमेंट कोर्स को बढ़ावा देने के लिए छह सदस्यीय एक्सपर्ट कमेटी का गठन किया है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय (एसवीएसयू) के कुलपति राज नेहरू को इस कमेटी का सदस्य बनाया गया है। राज नेहरू ने बताया कि इन कोर्स की गाइडलाइन इस तरीके से तैयार की जाएगी कि यह कोर्स करने वाले विद्यार्थी आने वाले समय में औद्योगिक क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। इन कौशल कोर्सों का उद्देश्य युवाओं को स्वावलंबी बनाने का है और समय के अनुसार औद्योगिक क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करने का है। उन्होंने बताया कि आयोग की एक्सपर्ट कमेटी जल्द ही इन कोर्सों को लेकर गाइडलाइन बनाने पर काम शुरू करेगी। यह देश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में लागू होंगे।

राज नेहरू, कुलपति, श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय।